1. First Five year plan.Publication division, Govt.of India.p.68.

शोध में भूमि उपयोग का लक्ष्य :-

भौगोलिक रूप से 'भूमि' शब्द व्यापक अर्थों में व्यवहृत हुआ है। यहां भूमि शब्द के विभिन्न पक्ष-जल, स्थल एवं वायु हैं। अत: भूमि के निर्माण में मानवीय गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न वायुमण्डलीय प्रतिकारक भी प्रभावशील होते हैं।

भूमि उपयोग का अर्थ उसके उपयोग में कंजूसी, अथवा कुछ विशिष्ट कार्यों हेतु सीमित करना नहीं, अपितु भूमि संसाधन का अधिकाधिक लोगों की अनुकूलतम आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये अधिकाधिक समय तक, अधिकाधिक उपयोग है। भूमि के सुनियोजित उपयोग का अर्थ उसकी विनष्ट होने से बचाना, वर्तमान भूमि उपयोग की त्रुटियों एवं दोषों पर गम्भीरतापूर्वक विचार करते हुये दूर करना तथा उसका पुनर्स्थापन (Restoration) करने का प्रयास है।[1]

सामान्यतया किसी क्षेत्र विशेष का भूमि उपयोग 3 तत्वों द्वारा प्रभावित होता है। (अ) भौतिक (ब) आर्थिक तथा (स) सामाजिक एवं राजनैतिक तत्व। भौतिक तत्वों में भूमि की उर्वराशक्ति सम्मिलित रहता तथा आर्थिक तत्वों में खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग, सिंचाई की सुविधा, परिवहन के साधनों की उपलब्धियां महत्वपूर्ण तत्व हैं। इसके साथ ही सामाजिक एवं परम्परात्मक तत्व भी प्रभावशील होते हैं। भारत में वैदिक काल से ही सामाजिक एवं आर्थिक तत्व ग्रामीण भूमि उपयोग को प्रभावित करते रहे हैं।[2]

अनियोजित ढंग से भूमि का उपयोग करने से भूमि की उर्वरता का ह्रास होने लगता है, तथा उसमें भौतिक, रासायनिक एवं जैविक विकार उत्पन्न हो जाता है। भूमि उपयोग नियोजन का मूलतत्व भूमि उपयोग एवं भूमि की उत्पादन शक्ति का सामान्जस्य करना है। इसके अन्तर्गत भूमि के विभिन्न आवश्यक उपयोगों जैसे- वन, कृषि, कृषि के अतिरिक्त अन्य कार्यों में भूमि

1- Chatterjee, S.P.(1954) 'Land use sarvey in India,' Procedings of International Georaphical seminar, Aligarh, p.99.

2. Shafi M.(1966) 'Technique of rural Landuse planning withereference to India.' The Geographer, A.M.University, Aligarh.

उपयोग आदि का समुचित आवंटन सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष है।

अतः प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र की भांति लघु क्षेत्रों(Microregions) का सम्यक अध्ययन करने के पश्चात् इसके अभीष्टतम उपयोग हेतु योजनाओं का निर्माण किया जाना चाहिये । भूमि उपयोग की योजना, रचनात्मक, सुझावात्मक, व्यापक एवं विश्लेषणात्मक होनी चाहिये ।

भूमि उपयोग शोधकर्ताओं का प्रमुख लक्ष्य उपलब्ध जानकारी का समुचित उपयोग तथा कुछ ऐसी अवधारणाओं एवं सिद्धान्तों का प्रतिपादन करना है जो किसी क्षेत्र में भूमि उपयोग अध्ययन हेतु दीर्घ काल तक प्रयुक्त की सकें।

भूमि उपयोग की भौगोलिक अवधारणा:- (Geographical concept inLand Utilization).

भूमि उपयोग एवं भूगोलवेत्ता में अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है। एक भूगोलवेत्ता भूमि तथा उसके विभिन्न योगों की विभिन्न पहलुओं से अध्ययन करता है, जैसे भूविज्ञान उच्चावच, मिट्टी, जलवायु सामाजिक मनोवैज्ञानिकता, अर्थशास्त्रीय सांख्यकीय, इतिहास, तकनीकी एवं अभियांत्रिकी इत्यादि। इसके साथ ही वह उनकी समस्याओं को ध्यानाकृष्ट करता है। इसके अतिरिक्त भूगोलवेत्ता विभिन्न असम्बद्ध भौतिक एवं मानवीय तत्वों को भूमि उपयोग मानचित्रों के माध्यम से सम्बद्ध करता है अतः भूगोलवेत्ताओं द्वारा उपलब्ध परिणाम भूमि उपयोग के सम्यक अध्ययन सहायक होते हैं।

अतः भूमि उपयोग के विश्लेषण के लिये भौगोलिक तत्वों का अभीष्ट अध्ययन, एवं उनकी पृष्ठभूमि परिप्रेक्ष्य होना परमोपयोगी होता है। वस्तुतः भूमि उपयोग क्षेत्रीयकरण का एक अनुशासित अध्ययन है, जिसमें स्थानिक सम्बन्धों की व्याख्या आवश्यक है। इस अध्ययन का उद्देश्य नियोजन की प्रक्रियाओं के क्रियान्वयन हेतु जानकारी होता है। इस अध्ययन से भावी भूमि उपयोग की सार्थकता पर प्रकाश आता है, और एक दिशा प्रदान की जाती है। इस अध्ययन की सार्थकता वर्तमान भूमि उपयोग पर ही सम्भव है। इसका उद्देश्य पारिस्थितिक प्रभाव विवेचनात्मक व्याख्या प्रस्तुत



चित्र-1

SOURCE (A) PHYSICAL PLATE OF INDIA, NAGPUR [illegible]

NATIONAL ATLAS ORGANIZATION, CALCUTTA [illegible]

(B) [illegible]

करना है। इसके साथ ही भूमि के विशिष्ट उपयोगों की भावी क्षमता को इंगित करना इस अध्ययन का मूल उद्देश्य होता है।

इस दिशा में भारतीय भूगोलवेत्ताओं का ध्यान द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान (सन् १९४०) "भारतीय विज्ञान सम्मेलन" में डा०एस०पी० चटर्जी ने आकृष्ट किया तथा विश्व भूमि उपयोग आयोग के सुझावानुसार उनकी अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय समिति बनी। तदनन्तर, डा० एल०एस०राव, प्रो० मुहम्मद शफी, डा० इ०अहमद आदि प्रमुख भूगोलवेत्ताओं ने इस दिशा में कार्य किया। इनके अतिरिक्त अन्य अनेक भूगोलवेत्ता देश के विभिन्न भाग में का या तो अध्ययन किये हैं, अथवा कर रहे हैं। किन्तु देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कृषि तथा उपयोग अध्ययन विधि में पर्याप्त असमानतायें मिलती हैं।

क्षेत्र का चुनाव:-

चित्र संख्या १ में शोध कार्य हेतु चयन किया हुआ क्षेत्र ' सतना जिले ' का मानचित्र दर्शाया गया है। लेखक ने निम्न कारणों से यहां के भूमि उपयोग के अध्ययन में अभिरुचि प्रकट किया ।

(१) प्रथमतः सतना जिला यद्यपि एक प्रशासकीय क्षेत्र है, तथापि यह एक भौगोलिक इकाई भी है। सम्पूर्ण जिला विन्ध्यन उच्च भूमि के अन्तर्गत रीवा पठार का पृथक्स्थ क्षेत्र है। इस जिले के अन्तर्गत स्थित कुल ११ देशी एवं सनद रियासतें होते हुये भी यहां की सांस्कृतिक भाषा एवं इतिहास लगभग एक समान है।

(२) इसके साथ ही सम्पूर्ण जिला एक संक्रमण मेखला(Transitionalzone) का उत्तम उदाहरण है। इसका उत्तरी भाग गंगा-यमुना के मैदानी क्षेत्र के अन्तर्गत है। यहां की औसत ऊंचाई केवल २५० मीटर है। दक्षिणी भाग दक्कन के प्राचीन पठार का अंश है। यह मुख्यतः नर्मदा एवं सोन नदी अपवाह तंत्र के अन्तर्गत निहित है। पश्चिमी भाग पन्ना एवं परसमनियां पठार(माण्डेर पठार) से आबद्ध है। जिले के मध्य भाग में टमस नदी की गहरी घाटी है। फलतः यह उत्तरी मैदान एवं दक्षिणी पठार के मध्य एक संक्रमण क्षेत्र है। जलवायु की दृष्टि से भी यह जिला बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागरीय

क्षेत्रों के मध्य संक्रमण क्षेत्र है। अत: बघेला में विशेषतायें मिलती हैं।

३- सतना जिले के अन्तर्गत अनेक प्रकार की भौतिक विषमताओं के फलस्वरूप यहां के भूमि उपयोग में पर्याप्त असमानतायें एवं विशिष्टतायें सम्मिलित हैं।

४- लेखक रीवा एवं सतना जिलों का मूल निवासी है। अत: उसने रीवा एवं सतना दोनों जिले की कृषि एवं भूमि उपयोग प्रारूप को बाल्यकाल से पूर्ण रूपेण देखा है, तथा इससे सम्बन्धित समस्याओं से घनिष्ट रूप से अवगत है। जिले की ७३-० प्रतिशत जनता कृषि कार्य में संलग्न है। यहां का कृषक वर्ग भर परिश्रम करता है, फिर भी यह प्रदेश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में से है। यद्यपि सतना जिले को मध्य प्रदेश का उत्तर-पूर्वी द्वार कहते हैं, किन्तु जैसे ही गंगा के मैदान से इस पठारी क्षेत्र में प्रवेश करते हैं, एक अनाकर्षक एवं दयनीय दृश्य प्रस्तुत होता है। लोगों के रहन-सहन का स्तर गिरा हुआ है। प्रति व्यक्ति दैनिक व मासिक आय कम है। इस पिछड़ी हुई स्थिति के लिये कई भौगोलिक तत्व उत्तरदायी हैं।

इस क्षेत्र में सिंचाई का अभाव व निर्धनता आदि समस्यायें हैं। कृषि की पिछड़ी हुई अवस्था है। कृषि जिले की विपुल भौगोलिक सम्पदा अथवा भूमि व्यवस्था की द्योतक है। जिले की वर्तमान ग्रामीण अधोगति का मूलकारण भूमि और मनुष्य के सम्बन्ध का असन्तुलन है। भू संसाधन (Land Resource) का सम्यक उपयोग करके जिले की आर्थिक प्रगति हो सकती है।

५- अन्त में लेखक की भूगोल में " भूमि उपयोग " शाखा से विशिष्ट शैक्षणिक अभिरुचि है। भारत जैसे विकासशील कृषि प्रधान राष्ट्र के स्वावलम्बन हेतु भूमि सम्पदा का सम्यक उपयोग नितान्त आवश्यक है। फलत: लेखक का उद्देश्य प्रदेश के इस उपेक्षित क्षेत्र के भूमि उपयोग के सम्बन्ध में मूल योगदान प्रस्तुत करना है।

स्थिति,सीमा एवं विस्तार:-

सतना जिला विन्ध्यन उच्च भूमि के अन्तर्गत रीवा पठार का पश्चिमी भू-भाग है। प्रशासकीय दृष्टि से यह मध्य प्रदेश के रीवा संभाग का एक प्रमुख जिला है , जो २ अप्रैल १९४८ को मूल पूर्व रीवा राज्य तथा १० अन्य छोटी एवं सनद रियासतों को मिलाकर बनाया गया है।

जिले का विस्तार २३° ५८' तक उत्तरी अक्षांश से २५° १२' उत्तरी अक्षांश तक तथा ८०° २१' पूर्वी देशान्तर से ८१° २३' पूर्वी देशान्तर तक है।[1] इसकी उत्तर दक्षिण लम्बाई १३५ कि०मी० तथा पूर्व पश्चिम चौड़ाई ८४ कि० मी० है जो सम्पूर्ण मध्यप्रदेश का १-६८ प्रतिशत है। इस प्रकार इसका आकार प्रसिद्ध औद्योगिक देश ग्रेट ब्रिटेन से पर्याप्त साम्य रखता है।

सतना जिले की उत्तरी पूर्वी एवं पश्चिमी सीमायें प्राय: प्रशासकीय हैं, किन्तु दक्षिण में सोन तथा उसकी सहायक महानदी लगभग ११० कि०मी० लम्बी सीमा निर्धारित करती है। जिले के उत्तर में उत्तर प्रदेश का बांदा जिला (मानिकपुर तहसील) स्थित है। इसके पूर्व में रीवा जिले की सिरमौर तथा हुजूर तहसीलें तथा सीधी जिले की गोपद बनास तहसीलें हैं । जिले की पश्चिमी सीमा पन्ना जिले के अजयगढ़ ,पन्ना तथा पवई तहसीलों से परिबद्ध है। इसके दक्षिण में जबलपुर जिले की मुड़वारा तथा शहडोल जिले की बान्धवगढ़ एवं ब्यौहारी तहसीलें स्थित हैं ।

ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि:-

सतना जिले के इतिहास वस्तुत: बाघेलखण्ड क्षेत्र के इतिहास से घनिष्ट रूप से सम्बद्ध है, क्योंकि जिले का अधिकांश भू-भाग (अमरपाटन तथा उत्तरी रघुराजनगर तहसीलें)तत्कालीन रीवा-राज्य के बाघेलवंश द्वारा शासित होतारहा है। इसके अतिरिक्त उस समय यहां कई प्रमुख छोटी रियासतें एवं सनद रियासतें थीं(परिशिष्टिका क्रमांक १-१)इनमें मैहर, नागौद,

---

1.National survey of India',Topographical sheet No.63,C.D.& H.

कोठी, सोहावल बसी तथा बरौंधा प्रमुख रियासतें थीं। इनके अलावा पालदेव पथराटारी, भैसुन्धा तथा कामता रजौला पांच चौबे जागीरें थीं।[१]

इस क्षेत्र में बाघेलखण्ड राजपूतों का इतिहास यथाप्त आकर्षक एवं पुराना है लगभग 400 वर्षों तक यहां शासन करते रहे।

किन्तु इसके पूर्व भी प्राचीन बौद्ध ग्रन्थों (ईसा के जन्म से पूर्व) एवं साहित्यिक लेखों में इस क्षेत्र का उल्लेख मिलता है। रामायण एवं महाभारत काल में यह देश तात्कालीन कौशल प्रान्त से एक स्वतंत्र राजनैतिक इकाई का भाग था। इसके पश्चात् यहां नाग, वटाटक, हैहय, चेदि अथवा कलचुरी, सेंगर आदि वंशों में हजारों वर्षों तक शासन किया।[2] ईसा से पूर्व तीसरी एवं दूसरी शताब्दी में यह क्षेत्र शुंगवंश के शासकों के अन्तर्गत एक महत्वपूर्ण क्षेत्र समझा जाता था।[3] इस वंश के शासक यद्यपि मूलरूप से नर्मदा के किनारे शासन करते थे, जिनकी राजधानी माहिष्मती थी, (जिसे आजकल पश्चिमी निमाड़ में स्थित माहेश्वर नगर कहा जाता है) यहां से इस वंश के लोगों ने पूर्व की ओर बढ़ना शुरू किया, तथा कालान्तर में ऐतिहासिक कालिन्जर दुर्ग को प्राप्त कर लिया। आजकल यह दुर्ग सतना जिले की उत्तरी सीमा से केवल ६ किलो मी० दूर उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में स्थित है। इन शुंग वंशीय लोगों ने कालिन्जर दुर्ग को अपना प्रमुख आधार बनाकर सम्पूर्ण आधुनिक (बाघेलखण्ड) क्षेत्र में अपना साम्राज्य स्थापित किया। महान साम्राट अशोक (ईसा से ३२० वर्ष पूर्व) के समय यह क्षेत्र बौद्ध धर्म का एक उल्लेखनीय क्षेत्र रहा है। इस समय गाँव ही राज्य की आर्थिक आय के आधार पर थे जिनकी सम्पन्नता कृषि एवं पशुधन पर निर्भर थी।[4] प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ भरहुत इसी जिले की नागौद तहसील में स्थित है। नागौद नगर बस्ती से भरहुत की दूरी १३ कि०मी० तथा सतना से १५ कि०मी० है। यहां का प्रसिद्ध बौद्ध स्तूप सम्राट अशोक द्वारा स्थापित

---

१. सनद रियासतें -बरौंधा, कामता, रजौला, पथार-कछार, भैसुन्धा तथा चौबे जागीरें।

२ - दरबेश वाघरी- ग्रामीण हिन्दी बोलियाँ १९६६ पृष्ठ१८६-८७।

3- Archeological Survey of India report, vol.21p.82 Epigraphic p.330.

4. Indian Antiquity vol.21.p.225.

कराया गया था। भरहुत सम्भवत: बौद्ध एवं उज्जैयनी मार्ग का एक प्रमुख विश्राम स्थल था। यद्यपि तात्कालीन भूमि उपयोग का कोई मापक विवरण प्राप्त नहीं है, तथापि कतिपय ऐतिहासिक तथ्यों से यह स्पष्ट हो जाता है कि समाज की अधिकांश जनता कृषि व पशुपालन पर निर्भर थी।

तदनन्तर चतुर्थ एवं पंचम् शताब्दी में यहां मगध के गुप्त साम्राज्य का आधिपत्य रहा। इसका विवरण उच्चकल्प (Uchchakalpa) आधुनिक उचेहरा (नागौद, तहसील, जिला सतना) के सामन्त शासकों एवं खो (Kho) के परिव्राजक राजाओं (Parivrajak Rajas of Kho) (नागौद तहसील) के अभिलेखों से मिलता है।[1] इस समय नागौद खो, उचेहरा तथा भरहुत एवं उसके समीपस्थ क्षेत्र सम्भवत: काफी विकसित क्षेत्र थे। इनके भग्नावशेष इस क्षेत्र में आज भी दृष्टव्य हैं।

गुप्त साम्राज्य के पश्चात् (पंचम से दशम् शताब्दी तक) यहां कलचुरियों अथवा चेदि वंश का अभ्युदय हुआ। इनका भी मुख्य गढ़ कालिन्जर था तथा यहां के चेदि शासकों की गौरव पूर्ण उपाधि कालिन्जराधिश्वर (Lord of Kalinger) कालिन्जर के स्वामी थी। इस समय तक यहां की अर्थव्यवस्था के सुधार तथा कृषि आदि के विकास के लिये किये गये प्रयासों का कोई उल्लेख नहीं मिलता। इसी समय चन्देल राजा यशोवर्मन (सन् ९२५-५५) ने कालिन्जर दुर्ग तथा समीपस्थ क्षेत्रों को विजित कर लिया। यद्यपि कलचुरी उस समय भी यहां एक शक्तिशाली वंश के रूप में ग्यारहवीं सदी तक इस क्षेत्र में अपना आधिपत्य बनाये रहे।[2]

इस प्रकार सहस्त्रों वर्षों की अवधि में अनेक राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक उलट-फेर हुये और तदनुरूप भूमि के स्वामित्व एवं उसके उपयोग में भी निरन्तर परिवर्तन होते रहे। तदनन्तर इस क्षेत्र के इतिहास में बाघेल राजपूतों का प्रवेश होता है। बाघेल गुजरात प्रान्त के सोलंकी वंश के

---

1. LUARD, C.E. Imperial Gazetteer of India, vol. vi, Calcutta, 1908 P. 187.

2. IBID - " " " P. 188

Documentation Centre (I.C.S.S.R.) Acc. No. 11081 Date 16.6.78 New Delhi

TS 300

राजपूत थे, जिन्होंने गुजरात में पहले से तेरहवीं शताब्दी तक शासन किया था।[1] इस वंश के एक शासक व्याघ्रदेव थे जो वीरधवल (१२१९-१२६० ई०) के पुत्र थे। रेणीठवाला की (गीठा का पेड़) यात्रा में उत्तरी भारत आये हुये थे, तथा कालिन्जर से २७ कि०मी० उ० ३० पूर्व में स्थित मड़फा दुर्ग-(Mupha Fort) में अपना अधिकार कर लिया।[2] कालान्तर में इन्होंने अपने साम्राज्य का काफी विस्तार किया। उनके पुत्र कर्णदेव का ब्याह मण्डलों के कलचुरी (हैहय) राजा की राजकुमारी से हुआ तथा तथा बान्धवगढ़ दुर्ग (२३° ४०' उत्तर तथा ८१° ३ पूर्व)(जो आजकल शहडोल जिले के बान्धवगढ़ तहसील में स्थित है) दहेज स्वरूप मिला। यह स्थान सन् १५६० ई० तक बाघेल राजपूतों की राजधानी रहा।[3] यह यवनों का काल था। सन् १४९८-९९ में दिल्ली सल्तनत सिकन्दर लोदी ने बान्धवगढ़ दुर्ग को जीतने का असफल प्रयास किया। किन्तु बाद में १५९७ ई० में मुगल साम्राट अकबर द्वारा बांधवगढ़ दुर्ग नष्ट करवा दिया गया। फलतः सन् १६१६ ई० में बाघेला राजा विक्रमादित्य (सन् १५८७-१६२४) में अपनी राजधानी बान्धवगढ़ में से स्थानान्तरित कर रीवा नगर में स्थापित किया।

आंग्लकाल:-

उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में यहां अंग्रेजों का प्रभुत्व फैलने लगा और १८१२ में कालिन्जर किला इनके हाथ आया। शेष भाग भी धीरे-धीरे इनके अधीन होता गया।[4] कालान्तर में यह समस्त क्षेत्र बाघेलखण्ड एजेन्सी के अन्तर्गत हो गया। इस काल में भूमि कर को ठेके के माध्यम से वसूल करने का प्रचलन शुरू हुआ। फलस्वरूप जमीन्दार एवं इलाकेदारों के अतिरिक्त महाजन और पूंजीपति भी ठेकेदार बन बैठे। यह भया वर्ग न तो भूमि में

---

1. Luard C.E. Imperial Gazetteer of India, vol.xvi, Calcutta, 1908 p.281.
2. Luard C.E. Rewa State Gazetteer, Calcutta 1907.p.95.
3. Third .. .. .. P. 97
4. Imperial Gazetteer of India(1908)part IX pp.71.72.

श्रद्धा रखता था और न किसानों से सहानुभूति । वह अधिक से अधिक पैसा वसूल करने का साधन अपनाता था । लगान की वसूली तलवार की नोंक और बन्दूक की गरज पर हुआ करती थी। शासक और अराजकता का प्रतिकात्मक " नवाबी " शब्द आज भी बघेलखण्ड में प्रयोग होता है। कर्नल स्लीमैन ने तात्कालीन अवध प्रान्त के ग्रामों का अति मर्मस्पर्शी चित्रण किया है । [१]

सन् १८५७ की क्रान्ति के समय यह क्षेत्र कई देशी रियासतों में विभक्त था। देश के अन्य भागों की भांति यहां भी मैहर,सोहावल तथा अमरपाटन आदि स्थानों पर विद्रोह भड़क उठा था। किन्तु रीवा रियासत के तात्कालीन महाराजा रघुराज सिंह ने क्रान्ति को सैनिक बल द्वारा पूर्णत: दबा दिया।

क्रान्ति के बाद जन कल्याण के कई झूठे आश्वासन दिये गये तथा कर्नल बिलाबी आसबोन(Colonal Bilabi Ashbow)नामक पोलिटिकल एजेन्ट नियुक्त किया गया। किन्तु इसके विपरीत इलाकेदारों की सेवा के लिये भूमि अधिकार की सनद देदी गई। सदियों से व गरीबी के चक्र में फंसा किसान और गहरे फंसगया। भूमि कर में वृद्धि तथा भूमि से बेदखली किये जाने की विभीषिकाएं और विकराल हो गई।,कर्नल लुआर्ड [२] के अनुसार :-

" इससमय लोगों की आर्थिक स्थित बहुत पिछड़ी थी। शिक्षा , स्वास्थ्य ,परिवहन, आदि की कोई सुविधा नहीं थी, भूमि सुधार व कृषि के विकास की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता था। गरीबी,एवं महामारियों का प्रकोप था अकाल ,भुखमरी ,में कोदी ,मक्का तथा ज्वार लोगों का मुख्य भोजन था। "

तात्पर्य यह कि सम्पूर्ण ग्रामीण अर्थव्यवस्था ध्वस्त थी। जिले के उत्तरी एवं पश्चिमी भाग में स्थित ,मैहर, नागौद, सोहावल,कोठी,

---

1. Sliman Journey through oudh. part II pp.206.7.
2. Lurad,C.(1907) central Indian State Gazetterp.36.

रियासतें एवं छोटी जागीरें समय-समय पर बुन्देल खण्ड के शासकों द्वारा आक्रान्त होती रही है। अतः इस अवधि में यहां भी आर्थिक एवं राजनैतिक उथल-पुथल बनी रही और भूमि विकास एवं कृषि की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। गरीबी के कारण गेहूं तथा अच्छी किस्म के चावल किसान के लिये खाद्य की अपेक्षा मुद्रादायिनी धान्य माने जाते थे।

नागौद रियासत के शासक परिहार राजपूत थे, जो राजस्थान के माउण्ट आबू से यहां आये थे। सातवीं शताब्दी में इस वंश के लोगों ने गहरवार शासकों को भगाकर मझौली तथा मऊ के बीच अपना साम्राज्य स्थापित किया। इन लोगों ने प्रारम्भ में उचेहरा (२४°२२' उ० तथा ८०°४८' पूर्व) को अपनी राजधानी बनाया। कालान्तर में इस रियासत का अधिकांश भू-भाग बुन्देला एवं बाघेला राजाओं ने हस्तगत कर लिया।[1]

ब्रिटिश काल में जिले का दक्षिण पश्चिम भाग मैहर रियासत के अन्तर्गत था। यहां के शासक कछवाहा राजपूत वंश के थे, जो १७ और १८ वीं शताब्दी में राजस्थान के अलवर जिले से आये थे। तात्कालीन ओरछा नरेश ने इन लोगों को बसाया था। इस वंश में सन् १७७० में राजा बेनी सिंह एक सुयोग्य एवं बहादुर शासक हुआ। इन्होंने अनेक तालाबों एवं भवनों का निर्माण कराया था। प्रजा की सुविधा के लिये सड़कें बनवायीं तथा एक स्वतंत्र रियासत की स्थापना किया।[2]

इसी प्रकार कोठी एवं सोहावल जैसी समावर्ती रियासतें (जो अब रघुराजनगर तहसील के अन्तर्गत हैं) भी बाघेलों एवं बुन्देलों के आक्रमण की शिकार होती रही। आंग्ल काल में कोठी, पन्ना रियासत का ही अंग रहा। तदनन्तर बांदा के अलीबहादुरनवाब ने इसे एक स्वतंत्र रियासत का स्वरूप प्रदान किया।

सोहावल राज्य प्रारम्भ में विस्तार बिरसिंहपुर, तथा कोठी आदि पड़ोसी क्षेत्रों तक था, किन्तु कालान्तर में यह घट कर केवल ३३५

---

1. Luard,C.E.(1807) centralIndian State Gazetteer,p.56.
2. Ibid. P.71.

वर्ग कि०मी० की एक छोटी सी सनद रियासत के रूप में शेष रह गई।इसका अधिकांश भाग विषम धरातल युक्त तथा पर्वतीय है।

जिले का धुर उत्तरी भाग-बरौंधा सनद रियासत के अन्तर्गत था। इसका विस्तार केवल ३२७ वर्ग कि०मी० था, जो उ०प्र० के बांदा जिले तक फैला था। यह विन्ध्य पहाड़ व पन्ना पहाड़ियों के मध्य विस्तृत था। अतः इसे पथार -कछार भी कहा जाता है। यहां के शासक रामस्थान के रघुवंशी राजपूत थे।

इसके अतिरिक्त बरौंधा सनद रियासत एवं बांदा जिले के मध्य ५ छोटी-छोटी अन्य सनद रियासतें थीं। इन्हें चौबे जगीरें (ChaubeJagirs) कहा जाता था। ये रियासतें थीं- पालदेव -नयगांव, तरौं, भैसुन्धा तथा कामता रजौला। इनका कुल क्षेत्रफल ३२४ वर्ग कि०मी० था। इन सनद रियासतों के शासक जिझौतिया ब्राह्मण थे। ये बहुत बहादुर थे, तथा पन्ना महाराज छत्रसाल की सेना में उच्च सैनिक अधिकारी थे।

किन्तु भूमि व्यवस्था के विगत एक सहस्त्र वर्षों का इतिहास इस बात का साक्षी है कि इस अवधि में उपयुक्त शासकों जागीरदारों किसानों तीनों में से किसी ने भूमि सुधार प्रति कोई प्रशंसनीय कार्य नहीं किया। चाहे मुगल साम्राज्य या अंग्रेज साम्राज्य रहा हो। जमींदार और इलाकेदार अपनी आय बढ़ाते रहे और किसीप्रकार अपने दिन काटते रहे। अतः भूमि उपयोग असंगत होता गया और भूमि विकास के समस्त नैसर्गिक कार्यों कोविघटन होता रहा। अपरदन, उर्वराक्षरण एवं ऊसर के रोग बढ़ते गये। तात्कालीन राजनैतिक एवं सामाजिक व्यवस्था के अनुसार सामाजिक भेदभाव को प्रभावित करते हुये जातीय आधार पर ऊंची -जातियों (ब्राह्मण-क्षत्रिय) की अपेक्षा नीची-जातियों से कर अधिक लिया जाता था। फलस्वरूप कृषि संगठन का ढांचा शिथिल बना रहा। इस समय देशी रियासतों के शासक प्रायः आक्रमण एवं युद्ध की विभीषिका से ग्रस्त रहते थे। इनकी प्रशासकीय सेवाएं बहुत ही सीमित थीं। फलतः व्यापक स्तर पर सम्पूर्ण जिले के उपयोग का यथेष्ट ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास नहीं किया गया। विगत शताब्दी में अनेकबार अनावृष्टि एवं अतिवृष्टि (परिशिष्ट क

क्रमांक ५) का प्रकोप हुआ। कृषकों की अशिक्षा ,रूढ़िवादिता थी। फलत: भू संसाधन जैसी मूल्यवान सम्पदा नष्ट होती रही।

स्वातंत्र्योत्तर काल:-

देश की स्वतंत्रता के पश्चात् यद्यपि भूमि एवं कृषि से सम्बन्धित कई नवीन विभागों की स्थापना की गई। सदियों पुरानी जमींदारी व इलाकेदारी प्रथा का अन्त हुआ। राज्य सरकार के निर्देशन में कृषि विभाग, भू संरक्षण एवं भूमि- परीक्षण तथा सामुदायिक विकास खण्डों आदि की स्थापना की गई। इसी के साथ ही १ अप्रैल १९४८ को सतना जिला भूत-पूर्व विन्ध्य प्रदेश में सम्मिलित कर दिया गया जो कालान्तर (१नवम्बर।१९५६) में पुन: मध्य प्रदेश में विलीन हो गया। आजकल सतना, मध्य प्रदेश के ४५ जिलों में से एक जिला है। इसके अन्तर्गत ४ तहसीलें ,२७ राजस्व निरीक्षक मण्डल तथा २११६ ग्राम स्थित हैं।(चित्र क्रमांक १)

यद्यपि इस समय उपयोग एवं भूमि सुधार से सम्बद्ध कई नये कदम उठाये गये फिर भी कतिपय त्रुटियों के फलस्वरूप आज भी इससे सम्बद्ध अनेक समस्यायें हैं। भूमि उपयोग के विभिन्न प्रारूपों का अध्ययन केवल मात्र राजस्व वसूली में ध्यानाकर्षित कर किया जाता है। सम्बद्ध कार्यालयों में भूमि उपयोग से सम्बन्धित आंकड़े उपलब्ध हैं, फिर भी आंकड़ों के संकलन की विधि दोष पूर्ण है। प्रथमत: इनके संकलन -कर्ता परम्परागत रूप से अल्प शिक्षित पटवारी होते हैं। इनमें अधिकांश आधुनिक वैज्ञानिक कृषि तकनीक से प्राय: अनभिज्ञ होते हैं। अतएव आंकड़ों का संकलन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नहीं अपितु रूढ़िवादी ढंग से किया जाता है। दूसरे, इन उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कार्यालयों से बाहर व्यावहारिक रूप से कृषि क्षेत्र में कदम नहीं उठाये गये हैं। तीसरे, भूमि का यथेष्ट वैज्ञानिक सर्वेक्षण नहीं हुआ है। फलत: जिले की कृषि व्यवस्था के सम्यक विकास हेतु पहला कदम भूमि उपयोग की यथेष्ट जानकारी अभीष्ट होगी।

आंकड़ो के स्रोत :-

लेखक की जिले के भूमि उपयोग के अध्ययन में विभिन्न पहलुओं के लिये विभिन्न कार्यालयों से आंकड़ो एवं अन्य सूचनायें प्राप्त हुई। ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि एवं जिले के महत्व के विषय में रीवा राज्य गजेटियर (Rewa state Gazetteer)एक उत्तम स्रोत था। भौतिक धरातल एवं अपवाह तंत्र के लिये भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा प्रकाशित स्थलाकृतिक मान-चित्र (Topographical Sheets)विशेष उपयोगी थी। जलवायु एवं भूभौतिकी के विषय में सहायक संचालक मौसम वेधशाला विभाग पूना द्वारा प्राप्त बुलेटिन से जानकारी प्राप्त हुई। इसी प्रकार भूविज्ञान के विषय में भारत का भूविज्ञानिक सर्वेक्षण (Geological survey of India) विभाग, वनस्पति के लिये मुख्य वन संरक्षक म०प्र० भोपाल एवं संभागीय वन संरक्षक रीवा से उपयोगी आकड़े प्राप्त हुये जिले की मृदाओं के सम्बन्ध में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय ,जबलपुर तथा भूमि परीक्षण अनुसंधान शाला(Soil testing contes)भोगांव से सूचनायें प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त संचालक कृषि विभाग सतना से भी कुछ जानकारी उपलब्ध हुई। सिंचाई विभाग से जिले में संचालित सिंचाई योजनाओं के बारे में सूचनायें प्राप्त हुई। भूमिगत जल के बारे में नल-कूप विभाग,सतना, विशेष उपयोगी था। इसके अतिरिक्त बाढ़,अकाल, सूखे, तथा जनसंख्या के वितरण व अधिवासों के बारे मेंभारतीय सेन्सस पुस्तिका एक उत्तम स्रोत थी।

जिले के भूमि उपयोग के विषय मेंसर्वाधिक महत्वपूर्ण सूचनायें:- भूअभिलेख कार्यालय(Office of Land records) सतना एवं संचालनालय भू अभिलेख ग्वालियर से उपलब्ध हुई। कृषि तकनीक, शस्यवितरण, शस्य प्रतिरूप(Cropping pattern) एवं शस्य संयोजन क्षेत्र(Crop-Combination. REGION) के विषय में अभीष्ट आकड़े कृषि विभाग, सामुदायिक विकास खण्डों भू अभिलेख कार्यालय सतना से प्राप्त हुआ।

नगरीय भूमि उपयोग से सम्बन्धित अभीष्ट सूचनायें मुख्य नगर पालिका अधिकारी,सतना ,मैहर,नागौद, एवं उचेहरा, से प्राप्त हुई। इसके साथ ही साथ जिला सतना नजूल विभाग से भी सूचनायें उपलब्ध हुई।

इनके अतिरिक्त मुख्य जिला पुस्तकालय,सतना, नागौद तथा मैहर मीपर्याप्त उपयोगी रहे। नागौद पुस्तकालय इनमें सर्वाधिक सम्पन्न एवं उपयोगी पुस्तकालय था। इनके साथ ही विन्ध्य प्रदेश पुस्तकालय (वर्तमान व्यंकट विद्या सदन) रीवा, विधान सभा पुस्तकालय भोपाल,सचिवालय एवं गजेटियर पुस्तकालय भोपाल ,जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय सागर,तथा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली इत्यादि संस्थाओं से भी अनेक उपयोगी सूचनायें उपलब्ध हुई।

राष्ट्रीय भारतीय ऐटलस कलकत्ता द्वारा प्रकाशित भूमि उपयोग प्लेट (Landuse plates) भी सर्वथा उपयोगी सिद्ध हुई है।

शोध कार्य का आयोजन :- (Plan of the work)

सतना जिले की भूमि उपयोग सम्बन्धी शोधकार्य तीन प्रमुख खण्डों में विभक्त है।

(अ) भौतिक संरचना एवं उच्चावच- इसके अन्तर्गत पांच प्रमुख अध्याय है। प्रथम अध्याय में भूविज्ञान एवं उच्चावच ,का वर्णन किया गया है। क्योंकि किसी क्षेत्र का भूमि उपयोग वहां की भूमि की बनावट एवं भौतिक आकृतियों से घनिष्ट रूप से प्रभावित होती है। द्वितीय अध्याय में जिले के अपवाह-तंत्र(Drainage) एवं अपवाह प्रारूप का वर्णन निहित है। तृतीय एवं चतुर्थ अध्याय में जलवायु एवं मृदाओं का उल्लेख किया गया है। क्यों कि किसी भी क्षेत्र के भूमि उपयोग को प्रभावित करने वाले तत्वों में जलवायु एवं मिट्टियों का स्थान सर्वोपरि है। पंचम अध्याय में प्राकृतिक वनस्पतियों का अध्ययन किया गया है। शस्यवितरण एवं शस्य प्रारूपों केनिर्धारण में मिट्टियों की नमी धारणशक्ति का(Moisture capacity) गहरा प्रभाव पड़ता है तथा भूमिगत जल इस धारण शीलता को प्रभावित करता है।

(ब) द्वितीय खण्डके अन्तर्गत सतना जिले के भूमि उपयोग का सविस्तार अध्ययन किया गया है।इसमें षाष्टम् अध्याय में भूमि उपयोग तथा उसका वर्गीकरण सप्तम में कृषि तकनीक एवं शस्य वितरण स्पष्ट किया गया है।

अष्टम् अध्याय में शस्य संयोजन एवं शस्य विभागों का अध्ययन निहित है। तृतीय खण्ड में सम्पूर्ण जिले के भूमि उपयोग का प्रादेशिक दृष्टि से अध्ययन करने हेतु प्रतिदर्शग्रामों (Sample Villages) का चयन किया गया है। इसके अन्तर्गत नवम् अध्याय में प्रतिदर्श ग्राम के चुनाव का आधार तथा दशम् अध्याय में जिले के चुने हुये आठ प्रमुख ग्रामों में भूमि उपयोगों का विभिन्न पहलुओं के आधार पर अध्ययन किया गया है।

एकादश अध्याय में सतना जिले के भूमि-उपयोग की समस्यायें एवं उनके समाधान हेतु प्रस्तुत सुझाव दिये गये हैं। जनसंख्या का भूमि से अनुपात, खाद्य सन्तुलन एवं पोषण (Food Blance & Nutrition) भूमि की धारण-क्षमता (Carrying capacity of land) आदि का अध्ययन किया गया है। अन्त में बाणसागर बहुउद्देश्यीय परियोजना का सतना जिले के भूमि उपयोग में सम्भावित प्रभाव स्पष्ट किया गया है।